बड़वानी जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी सौर ऊर्जा लैम्प के साथ।

23 युवाओं को मिला रोजगार

बड़वानी। आशाग्राम ट्रस्ट व आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में जिले के पाटी एवं निवाली विकासखंड के 23 बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा गया है। इसके तहत चयनित युवा सौर ऊर्जा लैम्प असेंबलिंग कर विद्यार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा संचालित सर दोराबजी वन मिलियन लाइट परियोजना अंतर्गत कक्षा 5 से 12 तक के सभी इच्छुक विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य के लिए अंशदान राशि 120 रुपए में सौर ऊर्जा लैम्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लैम्प का बाजार मूल्य 500 रुपए से अधिक है। अब तक 8200 विद्यार्थियों को इस परियोजना से लाभान्वित किया जा चुका है। ट्रस्ट अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने बताया कि यह लेम्प विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर बढ़ाने में सहायक है। संस्था सचिव डॉ. एसएन यादव ने बताया कि आगामी समय में जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा।-निप्र